Hindi

Public education
Discover a world of opportunities

प्री-प्राइमरी

संख्याएँ: घर पर सीखना

गणित को समझना

गणित में अपनी संतान की रुचि जगाने में मदद करने के लिए कुछ सुझाव यहाँ दिए गए हैं:

- जब आप संख्याओं, समय, स्थिति और मापन का प्रयोग करते हैं तो जोर से बोल-बोल कर सोच-विचार करें ताकि आपकी संतान यह देखे कि गणित कितना उपयोगी हो सकता है। उदाहरणत: *मैं यह जानने के लिए उत्सुक हूँ कि क्या हमारे पास पर्याप्त सेब हैं? और यह पक्का करने के लिए चलिए इनकी गिनती करें।*
- आपकी संतान जो काम कर रही हो उसे उसके बारे में बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित करें। सवाल पूछें और अपनी संतान को भी सवाल पूछने दें। इससे उन्हें चीज़ों का अर्थ समझने में मदद मिलती है और साथ ही यह समझने में मदद मिलती है कि वे क्या कर रहे हैं। यह सीखने का प्रभावी तरीका है।
- जब आप चीज़ों का वर्णन करें तो गणित का प्रयोग करें और संख्याओं को बोलें। यह कहने की बजाए कि: बाल्टी, आप सम्भवत: *कह सकते/सकती हैं: 10 लीटर की बाल्टी।* इससे आपकी संतान को अलग-अलग ऐसे शब्दों को सीखने में मदद मिलती है जिनका प्रयोग चीज़ों का मापन करने के लिए किया जाता है।

टेलीविज़न बंद कर दें। अगर कोई रोक-टोक न हो तो आपकी संतान के लिए ध्यान लगाना अधिक आसान होता है।

'अक्सर थोड़ी-थोड़ी देर' के सुनहरे नियम का पालन करें – हर रोज़ कुछ मिनट संख्याओं के बारे में सीखना 30 मिनट के गणित के सत्र से बेहतर होता है।

- रोज़मर्रा की गतिविधियों को करते समय अपनी संतान से सवाल पूछें ताकि वे छोटी आयु से ही गणित के बारे में सोचने और बात करने लगें। निम्न प्रकार के सवाल पूछें: *वहाँ कितनी चीज़ें हैं? यह रास्ता कहाँ जाता है? क्या यह इसमें फिट होगा? क्या यह हम सबके लिए पर्याप्त है? और यह कितना बड़ा है?*
- घर पर आकार, लंबाई, रंग और बनावट के अनुसार वस्तुओं को श्रेणीबद्ध करने में अपनी संतान की मदद करें, उदाहरणत: बटन, मोजे, खूंटी और ब्लॉक।
- कोशिश करने के लिए अपनी संतान की सराहना करें, भले ही उन्होंने गलत जवाब दिया हो। यदि उन्हें जवाब नहीं पता है, तो उन्हें जवाब ढूँढने का समय दें। यदि जवाब आप उन्हें देते/देती हैं, तो इस बारे में बात करें कि आप इस जवाब पर कैसे पहुँचे। इससे सीखने को लेकर उनमें आत्म-विश्वास आता है। उन्हें सोच-विचार करने और आपके सवालों का जवाब देने के लिए समय दें। धैर्य रखें।



Department of Education

आपको और अधिक जानकारी education.wa.edu.au पर होम सूचना-पत्रकों पर मिलेगी।

© Department of Education, Western Australia, 2015
CC BY